राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH

संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी नेट जून -2020

सार्वजनिक सूचना
(दिनांक 16 मार्च 2020)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक स्वतंत्र, स्वायत्त, आत्मनिर्भर, स्वपोषित प्रमुख परीक्षा संगठन के रूप में की गई है। संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी- नेट परीक्षा के संचालन का कार्य सीएसआईआर एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) को सौंपा गया है। केवल प्रामाणिक भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट छात्रवृत्ति भारत में ही मान्य है।

एन.टी.ए. द्वारा 'कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति' और 'लेक्चरशिप/सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता' हेतु आगामी संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी- नेट परीक्षा का आयोजन 21 जून -2020 को निम्नलिखित विषयों में किया जायेगा:

1. जीव विज्ञान
2. भौतिक विज्ञान
3. रसायन विज्ञान
4. भू, वायु मंडलीय, सागर एवं ग्रहीय विज्ञान
5. गणित विज्ञान

परीक्षा निम्नवार दो पालियों में आयोजित होंगी:

पाली	समय	अवधि
*प्रथम पाली(प्रात:)	9.30 पूर्वान्ह से 12.30 अपरान्ह तक (भारतीय मानक समय)	03 घंटे (180 मिनट)
*द्वितीय पाली (दोपहर)	2.30 अपरान्ह से 05.30 अपरान्ह तक (भारतीय मानक समय)	

* छात्रों की संख्या के आधार पर पाली तय की जाएगी।

परीक्षा का आयोजन केवल **'कंप्यूटर आधारित परीक्षा'** (सीबीटी) विधि से ही किया जाएगा।

संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी- नेट जून-2020 की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट: www.nta.ac.in एवं csirnet.nta.nic.in पर 16 मार्च 2020 से उपलब्ध संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी- नेट की सूचना विवरणिका को देख सकते हैं।

संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी- नेट जून 2020 की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी 16 मार्च 2020 से 15 अप्रैल २०२० (11.50 रात्रि तक) के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 16 अप्रैल 2020 (11.50 रात्रि तक) तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

वरिष्ठ निदेशक
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट)

पत्राचार का पता: राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, आई.आई.टी. कानपुर आउटरीच केंद्र, सी-20/1ए/8, सेक्टर-62, गौतम बुद्ध नगर, नॉएडा- 201309 (उत्तर प्रदेश), टेलीफोन: **0120-6895200**, ईमेल: **csirnet@nta.ac.in**